Std . IV . Hindi Lang. क्रियाविशेषण

प्रश्न1. क्रियाविशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

उत्तर -- जो शब्द क्रिया की विशेषता बताए , उसे क्रिया विशेषण कहते हैं । जैसे -- खरगोश तेज़ दौड़ता है । मीना कल आएगी । यहाँ तेज़ तथा कल क्रियाविशेषण है ।

प्रश्न 2.क्रियाविशेषण के भेदों के नाम उदाहरण के साथ लिखें ।

उत्तर -- क्रियाविशेषण के चार भेद होते हैं :--

1.स्थानवाचक क्रियाविशेषण -- यहाँ , वहाँ , इधर , उधर , अंदर , बाहर आदि ।

2. कालवाचक क्रियाविशेषण -- कल , आज ,अभी , सुबह ,शाम आदि ।

3. रीतिवाचक क्रिया विशेषण -- धीरे , तेज़ , जल्दी ,अचानक आदि।

4.परिमाणवाचक क्रियाविशेषण -- कम , अधिक , थोड़ा , बहुत आदि ।

प्रश्न 3.इन वाक्यों से क्रियाविशेषण शब्दों को चुनकर लिखिए ।

I) रेलगाड़ी धीरे-धीरे प्लेटफार्म पर आई । -- धीरे- धीरे

II) रामू कल आया था ।-- कल

III) घोड़ा तेज़ भागता है । -- तेज़

IV) मोना बहुत बोलती है। -- बहुत

V) अपना सामान इधर-उधर मत फेंको । -- इधर - उधर

VI) सोहन शाम को आएगा ।--शाम

VII) धोबी वहाँ कपड़े धो रहा था ।-- वहाँ

VIII) रोहित कहाँ गया है ? -- कहाँ

IX) कोमल मीठा गाती है ।-- मीठा

X) श्याम कम बोलता है । -- कम

प्रश्न4. निम्नलिखित क्रियाविशेषण शब्दों से वाक्य बनाएँ।

ज़ोर -ज़ोर -- मीना ज़ोर -ज़ोर से हँसती है ।

अंदर -- रीमा अंदर जा रही है ।

नीचे -- वह नीचे बैठी है ।

तेज़ -- हवा तेज़ चल रही है।

अचानक -- चाचाजी अचानक आ गए।